


पास्टर टोनी अलामो — दी अलामो क्रिश्चियन नेशन — वॉल्यूम 21900

# घोर कष्ट की शुरुआत हो चुकी है

**- टोनी अलामो**

यीशु ने कहा, “स्वर्ग का राज्य उस निश्चित राजा [ईश्वर पिता] के समान है जिसने अपने पुत्र [यीशु] का विवाह किया, और उसने अपने दासों को भेजा कि आमंत्रितों को विवाह के भोज में बुलाया जाए: लेकिन वे नहीं आना चाहते। एक बार फिर, उसने अन्य दासों को यह कहकर भेजा कि आमंत्रितों को कहो, देखो, मैं भोज तैयार कर चुका हूँ: मेरे बैल और पाले हुए पशु मारे गए हैं और सब कुछ तैयार है: विवाह के भोज में आ जाओ।

“लेकिन उन्होंने इसकी परवाह नहीं कि और वे अपने रास्ते चल दिए, एक अपने खेत में तो दूसरा अपना व्यापार करने चला गया: औरों ने उसके दासों को पकड़कर उनका अनादर किया और मार डाला। [यह एक दृष्टांत है जो ईसाई धर्म के मानने वाले लोगों द्वारा गैर-ईसाई लोगों को अग्नि की झील से बचाने का आमंत्रण दिए जाने, सभी प्रकार से ईश्वर द्वारा आशीर्वाद दिए जाने के लिए आमंत्रित किए जाने के बारे में बताता है किन्तु अधिकतर लोगों ने न केवल इस आमंत्रण को अस्वीकार किया, बल्कि जो उन दुष्ट लोगों को आमंत्रित करने गए थे उन्हीं की हत्या कर दी।]

“परन्तु जब राजा ने इसके बारे में सुना, उन्होंने क्रोध किया और अपनी सेना भेजकर उन हत्यारों का नाश कर दिया और उनके नगर को जला दिया। [यह न्यू टेस्टामेंट में ईश्वर का क्रोध है!] तब उन्होंने अपने दासों से कहा, विवाह तैयार है, लेकिन जिन्हें आमंत्रित किया गया था वे योग्य नहीं थे। इसलिए मुख्य मार्गों में जाओ और जितने लोग तुम्हें मिलें उन सभी को विवाह के भोज में बुला लाओ। [हम यही करते हैं, जिससे शैतान नाराज़ हो जाता है और हमें जेल में डाल देता है, हमारे बच्चों को चुराता है और हमारी बदनामी करता है।] इसलिए वे दास सड़कों पर गए, और चाहे बुरे या भले, जितने भी मिले, सबको इकट्ठा किया: विवाह का घर आमंत्रितों से भर गया। [शैतान, शैतानी सरकार जानती है कि हर एक सच्चे गोस्पल इंजीलवादी चर्च में कुछ बुरे लोग भी हैं जिन्हें वे यीशु और उसके अनुयायियों के बारे में झूठ बोलने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।]



पास्टर टोनी अलामो और श्री टी. रॉकी III /दि ए-टीम

“जब राजा आमंत्रितों को देखने अंदर आया तो उसने वहाँ एक मनुष्य को देखा जिसने विवाह के वस्त्र नहीं पहन रखे थे: उसने पूछा, हे मित्र, तुम विवाह के वस्त्र पहने बिना यहाँ क्यों आ गए? [दूसरे शब्दों में, आपकी रक्षा क्यों नहीं की गई है, यीशु के रक्त में आपको धोया क्यों नहीं गया है, पापमुक्त सफ़ेद वस्त्र क्यों नहीं पहनाए गए हैं?] उसका मुँह बंद हो गया। तब राजा ने सेवकों से कहा, इसके हाथ-पाँव बाँधकर बाहर अँधेरे में डाल दो; वहाँ रोना और दाँत पीसना होगा” (मत्ती 22:1-13)। यह दृष्टांत यह बताने के लिए है कि जिन लोगों की रक्षा नहीं हुई – जो योग्य नहीं है, उनके साथ क्या होने वाला है![1]

जब ईश्वर ने यह कहा कि वह यहूदियों को उनके देश लाएगा और उन्हें वहाँ रखेगा तो उसने ऐसा किया (14 मई 1948, यहेजकेल 37:21-28)।[2] ईश्वर ने कहा था कि वह चुनिंदा

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

1 मत्ती 8:11-12, 13:41-42, 49-50, 24:48-51, 25:1-13, 31-46, लूका 9:59-62, 14:16-33, युहन्ना 3:3-8, प्रकाशितवाक्य 16:15 2 व्यवस्थाविवरण 30:1-5, यशायाह 11:10-12, 27:12-13, 43:1-6, यिर्मयाह 23:7-8, 32:36-44, यहेजकेल 11:16-20, 20:40-44, 34:11-16, 36:16-38, 37:15-28, 39:23-29, Hos. 1:8-11, आमोसा 9:14-15, मीका 4:6-8. सपन्याह 3:16-20, जकर्याह 8:1-15

# घोर कष्ट की शुरुआत हो चुकी है

*(पृष्ठ 1 से जारी)*

यहूदियों को बचाएगा, हममें से एक सौ चवालीस हज़ार, और अंतिम दिनों में हम उतने ही जॉन बापिस्ट रहेंगे। वह ऐसा कर रहा है! (प्रकाशितवाक्य 7:2-8, 14:1-5)।

उन्होंने कहा था कि एक-दुनिया सरकार, मीडिया और चर्च होगी, जिन्हें शैतान से शक्तियाँ मिलेंगी।[3] जैसा ईश्वर ने कहा था आप वैसा ही देख रहे हैं (प्रकाशितवाक्य 13:1-7)। उन्होंने कहा था कि शैतान का मुँह – मीडिया – शैतानी एक दुनिया सरकार, कल्ट, शैतान के साथ मिलकर ईश्वर, यीशु, ईश्वर के वचन और सच्चे ईसाइयों के विरुद्ध युद्ध छेड़ेंगे; आप इसे अपनी आँखों के सामने होता हुआ देख रहे हैं।[4] यह सूची सदैव बढ़ती रहती है और इसमें परमेश्वर की निंदा, जेल, झूठे आरोप आदि जुड़ जाते हैं। इसलिए आपको यह अवश्य जान लेना चाहिए कि न्याय का दिन समीप है, जल्द आने वाला है।[5] आशा है आप बिना विवाह के कपड़ों के नहीं रहेंगे।

यहाँ जकर्याह पुस्तक की एक और भविष्यवाणी है जो जल्द पूरी होने जा रही है: “देखो, मैं यरूशलेम को चारों ओर के सभी देशों को लड़खड़ा देने के लिए मद का कटोरा बना दूँगा, और जब यरूशलेम घेर लिया जाएगा तब यहूदा की दशा भी ऐसी ही होगी। उस समय मैं सभी देशों के लिए यरूशलेम को एक भारी पत्थर बना दूँगा यद्यपि पथ्वी के सभी देश यरूशलेम के विरुद्ध इकट्ठा होंगे लेकिन जो भी उसको उठाएगा टुकड़े-टुकड़े हो जाएगा।

“उस समय प्रभु ने कहा, मैं हर घोड़े [प्रत्येक देश] को आश्चर्य के साथ कष्ट दूँगा, उसके सवार [उस देश के नेता] को [उन्मत्त, विक्षिप्त, सनकी, जैसाकि वे आज निश्चित तौर पर हैं] पागल बना दूँगा: मैं यहूदा के घर पर अपनी कृपा दृष्टि रखूँगा, और लोगों के प्रत्येक घोड़े को [प्रत्येक देश] अंधा कर डालूँगा [और आज वे अंधे हैं]।

“तब यहूदा के अधिपति सोचेंगे कि यरूशलेम के निवासी अपने परमेश्वर, सेनाओं के यहोवा की सहायता से मेरे सहायक बनेंगे। उस समय मैं यहूदा के अधिपतियों को ऐसा कर दूँगा जैसे लकड़ी के ढेर में आग से भरी अँगीठी होती है, पूले में जलती मशाल होती है; वे दाएँ-बाएँ, चारों ओर के सब लोगों को भस्म कर डालेंगे: और यरूशलेम जहाँ अब बसा है, वहीं बसा रहेगा, यरूशलेम में। प्रभु सबसे पहले यहूदा के तंबुओं को बचाएगा ताकि दाऊद के घर की चमक और यरूशलेम के निवासियों की चमक यहूदा के विरुद्ध स्वयं की शेखी न मारे। उस समय प्रभु यरूशलेम के निवासियों को बचाएगा; उस समस्त दिन जो सबसे कमज़ोर होगा वह दाऊद के समान होगा; और दाऊद का घर ईश्वर के समान होगा, अर्थात् प्रभु के उस दूत के समान जो उनके आगे-आगे चलता था। उस समय मैं उन सभी देशों का नाश करने की इच्छा करूँगा जो यरूशलेम पर आक्रमण करेंगे” (जकर्याह 12:2-9)।[6]

“और जितने भी देश यरूशलेम से युद्ध करेंगे उन सभी को प्रभु ऐसी मार मारेगा कि खड़े-खड़े उनका मांस सड़ जाएगा, उनकी आँखें अपने गोलकों में सड़ जाएँगी और उनकी जीभ उनके मुँह में ही सड़ जाएगी।” (जकर्याह 14:12)।

मैंने ओल्ड टेस्टामेंट में प्रभु के आगमन संबंधी सैंकड़ों भविष्यवाणियाँ पूरी होने के संबंध में एक पुस्तक लिखी है। मैं प्रभु के शीघ्र आगमन के संबंध में और पुस्तकें लिखूँगा। यहाँ तक कि अरक्षित लोग भी जानते हैं कि वह शीघ्र आ रहा है।

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

3 दानिय्येल 2:28-45, 7:7-25, प्रकाशितवाक्य अध्याय 13, 14:8-11, अध्याय 17-18  4 दानिय्येल 2:40, 7:20-25, प्रकाशितवाक्य 12:9-17, 13:3-17, 17:11-15, 18:24, 19:1-2  5 लूका 21:7-36, 1 पतरस 4:7, 2 पतरस 3:3-12, यहूदा 3-21, प्रकाशितवाक्य 1:1-3, 22:10-12

6 यहेजकेल अध्याय 38-39

## मलावी

(चिचेवा से अनुवादित)

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

मुझे यह पत्र लिखते हुए प्रसन्नता हो रही है। स्वर्ग में बैठे ईश्वर अपने सेवक टोनी अलेमो द्वारा दुनियाभर में किए जा रहे कार्यों से प्रसन्न होंगे। यहाँ मलावी में, नामीताम्बों मिनिस्ट्रीज हमारे माध्यम से ईश्वर के मिनिस्टर टोनी अलामो के लिखित विभिन्न साहित्यों का वितरण करने की वजह से विकसित हो रही है।

मैं, मलावी में टोनी अलेमो चर्च का पास्टर, आपके द्वारा पूरी दुनिया में संदेश फैलाने के लिए भेजी जाने वाली सामग्री के लिए आभारी हूँ जैसाकि बाइबल मत्ती 28 छंद 19-20, मरकुस 16 छंद 15-16 में कहती है।

और मसीहा की कई पुस्तकें भेजने के लिए आपका धन्यवाद। हमारे साथ जुड़ने वाले नए लोग इन्हें पढ़ते हैं, उनमें से अनेक हमारे साथ रहते हैं। प्रभु आपको आशीर्वाद प्रदान करें। आमीन।

प्रभु का सेवक,
पास्टर चार्ल्स मैब्ल्यू — नामीताम्बो मलावी

## फेसबुक से

संदेश इस प्रकार है, “अपने मन की रक्षा करने का रहस्य,” के.जी.जे ने लिखा है: “मैंने इस पूरे बड़े लेख को पढ़ा। इसे पढ़ने में कुछ समय लगा लेकिन अब भी मैं रुककर सोचता हूँ कि मैं क्या पढ़ रहा था। यह हर किसी के लिए पढ़ना अनिवार्य होना चाहिए! आपने इसके लिए जो समय खर्च किया और प्रयास किए उसके लिए आपका धन्यवाद। यीशु मसीह हमारे प्रभु और रक्षक हैं। आमीन।”

संदेश “कठिनाइयाँ?” के संबंध में डी.डब्ल्यू. ने बर्मिंघम, अलबामा से लिखा है: “कोई भी ईश्वर के कोप के बारे में नहीं सुनना चाहता, केवल उनके प्यार और आशीर्वाद के बारे में सुनना चाहता है। उपदेश देते रहो, बंधु।”

# कैलिफोर्निया

प्रिय पास्टर अलामो,

मेरा चचेरा भाई, चैड, जिसके लिए हम प्रार्थना कर रहे थे, जो शराब की वजह से लीवर को घातक नुकसान पहुँचने के कारण अस्पताल में था, कल मर गया। लगभग डेढ़ सप्ताह पहले, मैं उसे पश्चाताप और मोक्ष के लिए तैयार करने में सफल रहा था।

मेरी चाची मुझे मेरे चचरे भाई से बात करने से रोक रही थी क्योंकि वह ईश्वर के वचन में विश्वास नहीं करती है। मेरी माता ने मुझे फोन किया और बताया कि मेरा चचेरा भाई कोमा में है और मृत्यु के निकट है।

मेरी चाची मुझे बताती रही कि उसके कमरे में कोई फोन नहीं है और मैं उससे बात नहीं कर सकता था। (उसके कमरे में सेल फोन ले जाने की अनुमति नहीं थी।) अत: मैंने सीधे अस्पताल में फोन किया और उन्होंने मेरा फोन उनके कमरे के फोन से कनेक्ट कर दिया। मेरी चाची ने फोन उठाया। मैंने उनसे फोन को चैड के कान से लगाने को कहा। जैसे आप सभा को सिखाते हैं, मैं जानता हूँ कि उन्होंने मुझे भी सुना था। और जिस प्रकार आपने हमें प्रशिक्षित किया है, मैंने अपनी चाची से चैड का हाथ पकड़ने को कहा और यदि वह (चैड) मुझे सुन पाएगा तो मैं उससे उनके हाथ को दबाने को कहूँगा।

मैंने उससे बात करनी शुरू की और तत्काल, मेरी चाची ने आश्चर्यचकित हो कर कहा, “वह मेरा हाथ दबा रहा है!” मैंने उसे यीशु के रक्त के बारे में बताना शुरू किया जो उसके लिए बहाया गया है, मैंने उन्हें मोक्ष और स्वर्ग की योजना बताई। मैंने अपने चचेरे भाई से कहा कि चूँकि वह बोल नहीं सकता इसलिए पापी की प्रार्थना को अपने मन में बोले। जब वह बार-बार प्रार्थना बोल रहा था तो मैं उसे बोलने का प्रयास करते हुए और कराहते हुए सुन सकता था। जब मैं उनके साथ प्रार्थना कर रहा था तो मैं पवित्र आत्मा को बहुत अच्छी तरह से महसूस कर पा रहा था।

मैं बेहद आभारी हूँ कि अब वह यीशु के पास है, और मैं आश्वासनों के लिए ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ। श्रीमान्, मैं आप और आपकी मिनिस्ट्री के लिए बहुत अधिक आभारी हूँ क्योंकि वहाँ मैंने आपकी शिक्षा से सीखा है कि लोगों को कैसे निडरतापूर्वक साक्षी बनाया जा सकता है। मैं आपसे बहुत प्यार करता हूँ। एक सच्चे ईसाई के रूप में आपके निर्देशों और आपके आश्चर्यजनक साक्ष्य के लिए आपका धन्यवाद। आपकी मिनिस्ट्री का हिस्सा होने का मुझे गर्व है। प्रभु का गुणगान करें।

सुजैट सांता क्लारिटा, कैलिफोर्निया

# अरकंसास

प्रिय महोदय,

मैं इसे आपके साथ साझा करना चाहता हूँ क्योंकि मैं धर्मच्युत उन बच्चों के लिए प्रार्थना करता था, और व्रत रखता था जिन्होंने इन घोर कष्टों के दौरान गोस्पल को त्याग दिया है; और सचमुच दुनियाभर के सभी बच्चों के लिए प्रार्थना करता था, क्योंकि उनके लिए मेरा दिल बहुत भारी है, क्योंकि वे सत्य से बहुत अधिक अनजान हैं। जब मैं जोनाथन के साथ ईस्ट कोस्ट में था तो मैंने सोचा कि हम कई कॉलेजों में आपका गोस्पल साहित्य कब वितरित करें और इन बच्चों के बारे में सोचा (मैं इन्हें बच्चे कहता हूँ – अब मैं 60 साल का हूँ – लेकिन ये युवा पुरूष और महिलाएँ हैं) कि उन्होंने किस प्रकार मुझे हमारे – 60 के दशक की पीढ़ी के - बारे में कितना स्मरण कराया – उस समय हममें से कई लोग हिप्पी बनकर घूमते थे; आज ये युवा लोग भी उसी प्रकार खोए हुए हैं और कठिनाइयों में हैं जैसे हम हुआ करते थे। ये कंप्यूटर युग में पैदा हुए हैं, और इनका पलायन और खोज अलग तरीके की है।

मैंने याद किया कि किस प्रकार सूसी एक संदेश में अंतिम समय में अधिकार में लिए गए लोगों को “जोएल की सेना” कह रही थी। उसने कहा था कि वियतनाम का युद्ध जोएल की सेना को मारने के लिए शैतान की एक चाल थी। उस समय मैं क्या सोच रहा था कि ईश्वर ने आपको और सूसी को ईश्वर के लिए किसी अलौकिक कार्य को करने के लिए बुलाया है। मेरा मानना है कि दुनियाभर में गोस्पल का प्रसार इस प्रकार हुआ है कि उसके बाद से दुनिया बदल गई है। मेरा मानना है कि किसी न किसी रूप में अधिकतर लोगों ने गोस्पल के बारे में सुना है और निर्णय लिए हैं। आज हम इन निर्णयों का प्रभाव महसूस कर रहे हैं। अस्वीकार करने वाले उस समय अपने रास्ते चले गए और उन्होंने इन ईश्वर रहित घरों में बच्चे पैदा किए, उन बच्चों ने बड़े होकर बच्चे पैदा किए और उस पीढ़ी को हम आज देख रहे हैं, जिसे अपने जीवन में वास्तविकता, ईश्वर क्या है, की कोई जानकारी नहीं है, उन्हें नहीं मालूम कि वे यहाँ किस मकसद से आए हैं और उन्हें ये भी मालूम नहीं है कि उन्होंने जिस अव्यवस्था में जन्म लिया है उस अव्यवस्था के साथ क्या होने वाला है। यही वास्तविक कारण है जिसकी वजह से वे आपको कैद में रखना चाहते हैं – आपको सच्चाई बताने से दूर रखना कि यीशु शीघ्र आ रहे हैं।

और अंत में, मैं विचारमग्न थी और प्रार्थना कर रही थी कि यदि प्रभु ने आने में विलंब कर दिया तो क्या होगा? क्या आप कल्पना भी कर सकते हैं कि ये खोए हुए इंसान बच्चे पैदा करते जा रहे हैं? ये “यूनाइटेड स्टेट्स”, बिल्कुल ईश्वर रहित, बहुत अधिक स्वार्थी और बहुत अधिक आत्मपरायण, ईश्वर रहित अपना जीवन जीने के लिए सब कुछ करेंगे और वे इस एक-दुनिया जंगली-पशु सरकार और चर्च – वेटिकन जो कि प्रकाशितवाक्य की वेश्या है, को अपनाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। जंगली-पशु के चिन्ह के लिए मंच तैयार है।

आप स्वर्ग से पृथ्वी पर जो प्रकाश लेकर आए उसके लिए और हमारा पास्टर बनने के लिए आपका धन्यवाद। हमें आपके उपदेश दिए जाने वाले गोस्पल के लिए जीने और मरने में गर्व है। पास्टर टोनी हम आपसे प्यार करते हैं। ईश्वर आप पर कृपा बरसाए ताकि आप अपने कार्य में रुकें नहीं और आपकी रिहाई हो जाए।

यीशु के नाम में। आमीन।

सिस्टर शेली फोर्ट स्मिथ, अरकंसास



अलामो मिनिस्ट्रीज ऑनलाइन
www.alamoministries.com

https://twitter.com/tonyalamoministt
https://www.youtube.com/user/PastorTonyAlamo
https://www.facebook.com/pages/TONY-ALAMO-Christian-Ministries/729439147079523?fref=ts

# घोर कष्ट की शुरुआत हो चुकी है

*(पृष्ठ 2 से जारी)*

ईश्वर के साथ खड़े हो जाओ! यह प्रार्थना बोल कर शुरुआत करो:

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[7] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[8] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[9] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को पवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है।[10] मेरे पापों की स्वीकारोक्ति को सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए वे ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[11] हे प्रभु यीशु, मैं अपने दिल के दरवाज़े खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[12] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य खून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[13] प्रभु यीशु, आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[14] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे, उनमें मैं भी शामिल हूँ।[15] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[16] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[17]**

---

मोक्ष के बाद, यीशु ने बपतिस्मा होने, पिता और पुत् और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में गोता लगाने को कहा[18] बाइबल सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया द्वारा प्रकाशित (अंग्रेजी – किंग जेम्स संस्करण) बाइबल के किंग जेम्स संस्करण (10W 0055/2004/17M PL) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[19]

यीशु और पिता ईश्वर अब पवित्र आत्मा के माध्यम से आप में निवास करते हैं। एक तरीका है जिससे आप अपने अंदर ईश्वरीय प्रकृति का पूरा हिस्सा पा सकते हैं। ईश्वरीय प्रकृति जितनी अधिक आपके अंदर होगी, आप उन प्रलोभनों के विरुद्ध उतना ही अधिक मज़बूती से खड़े हो सकेंगे, जिनकी वजह से कई लाख ईसाई मोक्ष से विमुख हो गए। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा के लिए प्रार्थना करें। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा पाने के निर्देश प्राप्त करने के लिए और ईश्वर की और अधिक पवित्र प्रकृति प्राप्त करने के लिए, हमारा साहित्य मँगाएं अथवा फोन करें। बिना पवित्रता के, कोई भी व्यक्ति ईश्वर को नहीं देख सकता (इब्रानियों 12:14)।

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ। आप पास्टर टोनी अलामो के साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम आपको साहित्य नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें फोन करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को अन्य लोगों के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा, "क्या [तुम] ईश्वर को लूटोगे? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक 'दशमांश' का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], और मेज़बानों के लार्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और तुम पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं तुम्हारी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, और वह तुम्हारी ज़मीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही तुम्हारी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी ज़मीन खुशहाल होगी" (मलाकी 3:8-12)।

---

**7** भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **8** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **9** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 5:9 **10** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **11** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **12** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशितवाक्य 3:20 **13** इफिसियों2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 1:5, 7:14 **14** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों1:7, कुलुस्सियों 1:14 **15** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **16** इब्रानियों 11:6 **17** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशितवाक्य 7:14, 22:14 18 मत्ती 28:18-20, युहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 19 व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 तीमुथियुस 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशितवाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078
चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइनः +1 (661) 252-5686 • Fax +1 (661) 252-4362
www.alamoministries.com • taoffice @alamoministries.com

***टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यकत वस्तुएँ उपलब्ध हैं।***

**प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएँ होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, +1 (661) 251-9424**

**प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क परिवहन सेवा मुहैया कराई जाती है। न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएँ रात को होती हैं। सूचना के लिए कृपया +1 (908) 937-5723 पर कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।**

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

**इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलेक्ट) पर फोन करें।**

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© कॉपीराइट अगस्त 2015 सर्वाधिकार सुरक्षित वर्ल्ड पास्टर टोनी अलामो ® पंजीकृत अगस्त 2015

HINDI—VOLUME 21900—THE TRIBULATION HAS BEGUN